Class - I

Subject - HINDI GRAMMAR

भाषा सागर

पाठ – 1 भाषा

प्रश्न (क) भाषा की परिभाषा लिखिए।

उत्तर जिसके द्वारा हम अपने मन के भावों व विचारों का आदान–प्रदान करते हैं, उसे भाषा कहते हैं।

प्रश्न (ख) मौखिक भाषा किसे कहते हैं?

उत्तर जिसके द्वारा हम अपने मन के भावों व विचारों को बोलकर प्रकट करते हैं, उसे मौखिक भाषा कहते हैं।

प्रश्न (ग) लिखित भाषा किसे कहते हैं?

उत्तर जिसके द्वारा हम अपने मन के भावों व विचारों को लिखकर प्रकट करते हैं, उसे लिखित भाषा कहते हैं।

4. सही विकल्प पर सही (✓) का चिन्ह लगाइए –

क. लड़का पत्र लिखता है, वह भाषा के कौन–से रूप का प्रयोग कर रहा है?

लिखित ✓ मौखिक सांकेतिक

ख. लड़की गाना गा रही है, वह भाषा के कौन–से रूप का प्रयोग कर रही है?

लिखित मौखिक ✓ सांकेतिक

ग. भाषा के कितने रूप होते हैं?

दो ✓ तीन चार

5. दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

इशारों, हिंदी, आदान–प्रदान, बोलकर, पंजाबी

क. भाषा से विचारों का आदान–प्रदान होता है।

ख. पंजाब में पंजाबी बोली जाती है।

ग. गूंगा व्यक्ति इशारों से ही अपनी बात करता है।

घ. हमारे देश की राष्ट्रीय भाषा हिंदी है।

ङ मौखिक का अर्थ है बोलकर